# ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड

## विज्ञापन सं. 4/2017 (आर एण्ड पी)

## प्रबंधक (सुरक्षा)-ई4 स्तर की भर्ती

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी), एक "महारत्न" सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और भारत एवं विदेशों में तेल तथा गैस के अन्वेषण एवं उत्पादन में रत भारत की ध्वजावाहक अग्रणी ऊर्जा कंपनी है । ऊर्जा के क्षेत्र में यह एक वैश्विक कंपनी है जो भारत के घरेलू तेल एवं गैस उत्पादन में लगभग 2/3 (दो-तिहाई) का योगदान करती है । वर्तमान में, ओएनजीसी, अपनी सहायक कम्पनी ओएनजीसी विदेश लि. के माध्यम से भारत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय कॉरपोरेट है ।

ओएनजीसी विकास पर केंद्रित व्यावसायिक रूप से प्रबंधित संगठन में योग्यता-उन्मुख उन्नति के अवसर सहित देश में कंपनी की लागत (सीटीसी) की शर्तों में सर्वोत्तम प्रतिफल पैकेज प्रदान करती है ।

ओएनजीसी को सुरक्षा के क्षेत्र में अनुभवी, प्रतिभावान तथा ऊर्जावान भारतीय नागरिकों की **प्रबंधक(सुरक्षा)- ई4 स्तर** के पद हेतु (₹ 36,600-62,000/- के वेतनमान में, जिसमें 01.01.2017 से संशोधन किए जाने की संभावना है) मध्य प्रबंधन स्तर पर आवश्यकता है।

पदधारक मूल वेतन के अतिरिक्त, कैफेटेरिया एप्रोच के अन्तर्गत मूल वेतन का 47% की दर से अनुलाभ, मंहगाई भत्ता, गृह किराया भत्ता (एचआरए)/कंपनी आवास, खनन भत्ता, अंशदायी भविष्य निधि, वाहन रख-रखाव, पर्याप्त कार्यनिष्पादन संबंधी वेतन (पीआरपी),स्वयं एवं अपने आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, उपदान, स्व अंशदायी सेवानिवृत्ति पश्चात लाभ योजना एवं सामाजिक सुरक्षा योजना कंपनी नियमों के अनुसार पाने के हकदार होंगे ।

**क. पद का ब्यौरा :**

| क्र. सं. | पदनाम | स्तर | वेतनमान | अनारक्षित | अनु.जा. | अनु.ज.जा. | अ.पि.व. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **प्रबंधक (सुरक्षा)** | ई-4 | ₹ 36,600– 62,000/- | **1** | **1** | **0** | **2** | **4** |

**उक्त रिक्तियाँ वर्ष 2012 में विज्ञापित की गई प्रबंधक (सुरक्षा) के पदों की न भरी गई रिक्तियां है जिनका विज्ञापन दोबारा से निकाला जा रहा है । उक्त पद को ओएल-एक पैर श्रेणी में निशक्तजन के लिए उपयुक्त माना गया है ।**

**ख**. **पात्रता मानदण्ड :**

1. **न्यूनतम आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अनुभव**

| **पदनाम** | **न्यूनतम आवश्यक शैक्षिक योग्यता** | **अनुभव** |
|---|---|---|
| प्रबंधक (सुरक्षा) | **स्नातकोत्तर डिग्री** | सशस्त्र बलों या केन्द्रीय पुलिस संगठन (सीपीओ)$ के साथ न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा । |

**$** इस भर्ती के प्रयोजन हेतु निम्नलिखित संगठनों को केन्द्रीय पुलिस संगठन (सीपीओ) के रूप में परिभाषित किया गया है -

(i) आसूचना ब्यूरो, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरडी), राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो, राष्ट्रीय जाँच एजेंसी, सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद, पूर्वोत्तर पुलिस अकादमी, शिलांग और राष्ट्रीय अपराधशास्त्र एवं न्यायलयिक-विज्ञान संस्थान (एनआईसीएफएस) और

(ii) संघ के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल नामतः असम राइफल्स (एआर), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ।

**नोट :** राज्य पुलिस/राज्य के सशस्त्र बल केन्द्रीय पुलिस संगठन अभिव्यक्ति के अंतर्गत मान्य नहीं होंगे।

**2. शैक्षिक योग्यता और अंकों के प्रतिशत के संबंध में व्याख्या**

i. उम्मीदवार के पास ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए।

ii. स्नातकोत्तर डिग्री के समतुल्य शैक्षिक योग्यताएँ, जैसे कि व्यापार प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा जिसे किसी प्राधिकारी द्वारा एमबीए के समतुल्य माना गया है, स्नातकोत्तर डिग्री के रूप में स्वीकार्य नहीं होंगी।

iii. उम्मीदवार की स्नातकोत्तर डिग्री केन्द्र सरकार के अंतर्गत पदों तथा सेवाओं में रोजगार के लिए संगत सांविधिक निकाय जैसे कि यूजीसी/एआईसीटीई आदि द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। यह स्पष्ट किया जाता है कि दूरस्थ शिक्षा माध्यम से प्राप्त की गई स्नातकोत्तर डिग्री भी स्वीकार्य होगी बशर्ते वह केन्द्र सरकार के अंतर्गत पदों तथा सेवाओं में रोजगार के लिए संगत सांविधिक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

iv. उम्मीदवार को अपनी स्नातकोत्तर डिग्री में प्राप्त सही प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के प्रतिशत की गणना विश्वविद्यालय/संस्थान के नियमों के अनुसार की जाएगी ।

v. जहां स्नातकोत्तर डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए या लैटर ग्रेड दिए गए हों, वहाँ संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन

आवेदन में अंकों के समतुल्य प्रतिशत को दर्शाया जाए । विश्वविद्यालय/संस्थान से इस आशय का प्रमाण-पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किया जाना होगा ।

vi. जहां संस्थान द्वारा संबंधित ग्रेडों (सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए आदि) हेतु श्रेणी तथा प्रतिशत समतुल्यता प्रमाण-पत्र नहीं दिया जाता है, वहां पर समतुल्यता का निर्धारण उम्मीदवार के संबंधित ग्रेड को अधिकतम संभव तदनुरूपी पैमाने से विभाजित करके और इसके परिणाम को 100 से गुणा करके प्राप्त किया जाएगा।

**3. आयु**

**क) आयु की गड़ना ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को की जाए गी। पदों हेतु अधिकतम आयु निम्नवत होगी :**

| क्रम सं. | उम्मीदवार | श्रेणी और अधिकतम आयु | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अ.पि.व. (नॉन-क्रीमी लेयर) | अनु.जा. |
| 1. | गैर-निशक्त उम्मीदवार | अधिकतम 44 वर्ष (6/07/1973 या उसके बाद जन्म) | अधिकतम 47 वर्ष (6/07/1970 या उसके बाद जन्म) | अधिकतम 49 वर्ष (6/07/1968 या उसके बाद जन्म) |
| 2 | निशक्त उम्मीदवार | अधिकतम 54 वर्ष (6/07/1963 या उसके बाद जन्म) | अधिकतम 56 वर्ष (6/07/1961 या उसके बाद जन्म) | अधिकतम 56 वर्ष (6/07/1961 या उसके बाद जन्म) |

**ख) आयु में छूट :**

**i.** भूतपूर्व सैनिक - ईसीओ/एसएससीओ : किसी भी सामाजिक आरक्षण श्रेणी के निरपेक्ष सैन्य सेवा के अतिरिक्त तीन वर्ष, अधिकतम 56 वर्ष की सीमा ।

**ii.** ओएनजीसी विभागीय उम्मीदवार : उनके द्वारा ओएनजीसी में प्रदान की गई सेवा की सीमा तक जोकि इस शर्त के अधीन है कि **उनके पास या तो सशस्त्र बलों या केन्द्रीय पुलिस संगठन (ख.1.i तथा ख.1.ii में परिभाषित) में कम से कम 15 वर्ष की न्यूनतम अपेक्षित सेवा हो ।**

**iii.** अनुसूचित जनजाति हेतु कोई पद आरक्षित नहीं है, परंतु अनुसूचित जनजाति से संबद्ध होने वाले उम्मीदवार अनारक्षित पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं । तथापि, ऐसे उम्मीदवारों को आयु में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

**4. जाति मानदण्ड :**

i. अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में आरक्षण का दावा कर रहे उम्मीदवारों को केवल नामित प्राधिकारी से भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप में एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से उम्मीदवार की जाति, अधिनियम/आदेश जिसके अंतर्गत संबंधित जाति को अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्रदान की गई है और गांव/कस्बा जहाँ का उम्मीदवार

मूल निवासी है उल्लेखित हो । उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसकी जाति/समुदाय का नाम और उसके जाति/समुदाय प्रमाण-पत्र में उसकी वर्तनी ठीक वही होनी चाहिए जो समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित सूची में उल्लेखित है (अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी हेतु भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सूची में अन्य पिछड़ा वर्ग जातियों के रूप में मान्यता प्रदान की गई जातियों की सूची http://www.ncbc.nic.in साइट पर और अनुसूचित जाति श्रेणी हेतु प्रत्येक राज्य के लिए जातियों की सूची http://www.socialjustice.nic.in साइट पर उपलब्ध है) । जाति नाम में भिन्नता होने वाले किसी प्रमाण-पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा । इसके अतिरिक्त, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र में इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार केन्द्र सरकार के अंतर्गत आने वाले पदों तथा सेवाओं के आवेदन हेतु भारत सरकार द्वारा यथा परिभाषित क्रीमी लेयर से संबद्ध नहीं है।

ii. उम्मीदवार के ओबीसी दावे का निर्धारण उस राज्य (अथवा राज्य के भाग के) के संबंध में किया जाएगा जिसके उसके पिता मूल निवासी हैं । अत: किसी एक राज्य (अथवा राज्य के भाग के) से दूसरे राज्य में प्रवास कर चुके उम्मीदवार को ऐसा अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जो उसके पिता के अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र के आधार पर उस राज्य द्वारा जारी किया गया हो जहाँ के वह (पिता) मूल निवासी थे।

iii. सरकारी उपक्रमों में रोजगार हेतु अनुसूचित जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/निशक्तजन के लिए प्रमाण-पत्र का निर्धारित प्रारूप ऑनलाइन आवेदन साइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

iv. इस परीक्षा हेतु उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन में पहले से निर्दिष्ट की गई जाति स्थिति में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

**ग. पात्रता मानदंड के निर्धारण हेतु महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| • आयु<br>• स्नातकोत्तर डिग्री का धारक होना<br>• अनुभव | 05/07/2017<br>(अर्थात ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि) |
| • जाति/ निशक्तजन प्रमाण-पत्र | • अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र की वैधता की जांच ऑनलाइन आवेदन (05/07/2017) की अंतिम तिथि के संबंध में की जाएगी, अर्थात इसे 05/07/2017 को या उससे पूर्व जारी किया गया होना चाहिए और जाति/जनजाति को 05/07/2017 को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया गया होना चाहिए।<br>• अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र 01.04.2017 तथा 05/07/2017 (अर्थात ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि) के बीच जारी किया गया होना चाहिए । तथापि, |

| | |
|---|---|
| | वह प्रमाण-पत्र भी मान्य होंगे जिनके लिए संबंधित राज्य द्वारा 2017-18 की मान्यता की अधिसूचना जारी की गई हो। ऐसे मामलों में उम्मीदवार को संबंधित सक्षम जारीकर्ता प्राधिकरण में से किसी एक (भारत सरकार द्वारा यथापरिभाषित) से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि जाति प्रमाण-पत्र वर्ष 2017-18 के लिए भी मान्य है।<br>• निशक्तजन प्रमाण-पत्र की वैधता की जांच ऑनलाइन आवेदन (05/07/2017) की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी, अर्थात इसे 05/07/2017 को या उससे पूर्व जारी किया गया होना चाहिए और ऐसी विकलांगता दिनांक 05/07/2017 से पहले चिन्हित पद के लिए सूचीबद्ध होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त, निशक्तता प्रमाण-पत्र केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित सक्षम चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी किया गया होना चाहिए। |

**घ. शार्टलिस्ट करने तथा चयन का मानदण्ड :**

**i. उम्मीदवारों की शार्टलिस्टिंग :**

क. ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत सूचना के आधार पर उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

ख. उम्मीदवारों को 1:5 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा अर्थात एक पद के लिए 5 उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा । तथापि, साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले ऐसे उम्मीदवारों की संख्या 5 से कम होने पर सभी पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

ग. व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों की शार्टलिस्टिंग शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव हेतु दिए गए अंकों के कुल जोड़ के आधार पर की जाएगी ।

**ii.** शैक्षिक योग्यता हेतु अंक निम्नानुसार दिए जाएंगे :

**अधिकतम अंक 30**

| **क्र.सं.** | **आवश्यक शैक्षिक योग्यता में प्राप्त अंकों का प्रतिशत** | **अंक** |
|---|---|---|
| 1. | 60% से कम | 20 |
| 2. | 60% और 70% से कम के बीच | 23 |
| 3. | 70% और 80% से कम के बीच | 26 |
| 4. | 80% और उससे अधिक | 30 |

iii. अनुभव हेतु अंक निम्नानुसार दिए जाएंगे :

| **क्र.सं.** | **अनुभव के वर्ष** | **अंक** |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम निर्धारित अनुभव अर्थात 15 वर्ष हेतु | 30 |
| 2 | 15 वर्ष के न्यूनतम निर्धारित अनुभव से अधिक प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष का अनुभव | 2 (अधिकतम 10 अंक) |
| | **अधिकतम अंक जिन्हें दिया जा सकता है** | 40 |

**iv.** **साक्षात्कार में अर्हक अंक :** अंतिम चयन हेतु विचार किए जाने के लिए सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के उम्मीदवारों को साक्षात्कार में न्यूनतम 18 अंक प्राप्त करने होंगे। अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को अंतिम चयन हेतु साक्षात्कार में न्यूनतम 12 अंक प्राप्त करने होंगे । साक्षात्कार में अधिकतम 30 अंक होंगे ।

v. **अंतिम चयन** उम्मीदवार द्वारा शैक्षिक योग्यता, अनुभव तथा साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर होगा तथा इन्हें नीचे दिए अनुसार अधिभार दिया जाएगा :

| **मानदण्ड** | **अंक** |
|---|---|
| शैक्षिक योग्यता | 30 |
| अनुभव | 40 |
| साक्षात्कार | 30 |
| **कुल** | **100** |

vi. दो बाहरी (विभागीय के अलावा) उम्मीदवारों के कुल अंकों के समान होने पर, साक्षात्कार में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को वरिष्ठ माना जाएगा और यदि वहां पर भी दोनों के अंक समान हैं तो आयु में बड़े उम्मीदवार का नाम जारी किए जाने के लिए वरिष्ठ माना जाएगा।

**नोट :** पात्रता और चयन मानदण्ड आदि जैसी अन्य बातों के समान रहने पर चयन के मामलों में विभागीय उम्मीदवारों पर पहले विचार किया जाएगा।

**ङ. आवेदन कैसे करें :**

i) पात्र उम्मीदवार 15/06/2017 को 1000 बजे से 05/07/2017 को 1800 बजे तक ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से **केवल ऑनलाइन आवेदन** करें। आवेदन के किसी और तरीके को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ii) संप्रेषण के इलेक्ट्रॉनिक माध्यम - इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में समूची जानकारी ओएनजीसी की वेबसाइट - www.ongcindia.com पर उपलब्ध है । शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को केवल ई-आमंत्रण पत्र जारी किए जाएंगे जिन्हें ओएनजीसी की वेबसाइट - www.ongcindia.com से डाउनलोड किया जा सकता है। उम्मीदवारों को डाक/कोरियर से कोई

भौतिक संप्रेषण नहीं भेजा जाएगा । उम्मीदवारों के साथ समूचा संप्रेषण एसएमएस/ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा।

**नोट :** ओएनजीसी अमान्य या गलत ई-मेल आईडी/मोबाइल फोन नम्बर आदि के कारण भेजे गए ई-मेल/एसएमएस के न मिलने अथवा ई-मेल के स्पैम/बल्क मेल फोल्डर में डिलीवरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

**च. महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि** | **15/06/2017, 1000 बजे** |
| **2.** | **ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि** | **05/07/2017, 1800 बजे** |

छ. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति ओएनजीसी 'मेडिकल एक्ज़ामिनेशन और एम्प्लोयीज रुल्स, 1996' के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार **उनके कंपनी के चिकित्सा परीक्षण को पास करने** पर होगी । इन नियमों का ब्यौरा ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध है।

**ज. सामान्य अनुदेश :**

i. सभी आवेदकों को पद की आवश्यक अपेक्षाओं तथा विज्ञापन में दी गई अन्य शर्तों को पूरा करना होगा । उन्हें परामर्श दिया जाता है कि आवेदन करने से पूर्व वे स्वयं को संतुष्ट कर लें । पात्रता के संबंध में परामर्श के लिए किसी पूछताछ को स्वीकार नहीं किया जाएगा। परीक्षा के सभी चरणों में उनकी उम्मीदवारी अस्थायी होगी । उम्मीदवार को साक्षात्कार हेतु ई-आमंत्रण पत्र जारी किए जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी को ओएनजीसी द्वारा अंततः स्वीकार कर लिया गया है ।

ii. उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई सूचना गलत पाए जाने अथवा विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड के अनुरूप न पाए जाने पर रजिस्टर्ड उम्मीदवार की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अथवा भर्ती के पश्चात या कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात भी निरस्त की जा सकती है ।

iii. आवेदकों को केवल ऑनलाइन ही आवेदन करना होगा । किसी भी मैनुअल/कागजी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv. उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अस्थायी है और यह मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों के प्रमाणीकरण के अधीन होगी।

v. जांच और चयन उम्मीदवार द्वारा मुहैया करवाए गए ब्यौरों पर आधारित होगा । अतः यह आवश्यक है कि ऑनलाइन आवेदन में आवेदक सटीक, पूर्ण तथा सही सूचना प्रस्तुत करें। उम्मीदवार के गलत/मिथ्या जानकारी प्रस्तुत करने की स्थिति में उसकी उम्मीदवारी चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है।

vi. ऑनलाइन आवेदन में घोषित डाक पते, साक्षात्कार की तिथि/श्रेणी में परिवर्तन के अनुरोधों **पर विचार नहीं किया जाएगा।**

vii. ओएनजीसी के विभागीय उम्मीदवारों को ऑनलाइन फार्म में उचित स्थान पर अपनी सीपीएफ संख्या को भरना सुनिश्चित करना होगा और ऐसा न करने पर उन पर विभागीय उम्मीदवार के रूप में विचार नहीं किया जाएगा, **यह दोहराया जाता है कि उन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

viii. चयनित उम्मीदवार को भारत या विदेश में कहीं भी तैनात किया जा सकता है ।

ix. उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करने के लिए अधिकतम 45 दिवस का समय दिया जाएगा।

x. वर्तमान में सशस्त्र बलों/सीपीओ/पीएसयू/सरकारी विभागों/स्वायत्त शासी निकायों आदि में नियोजित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय संबंधित संगठन से एक **अनापत्ति प्रमाण-पत्र** प्रस्तुत करना होगा ।

xi. विवाद की स्थिति में न्यायालय का क्षेत्राधिकार नई दिल्ली होगा ।

xii. किसी भी रूप में सिफारिश आदि करने से उम्मीदवार को तत्काल अपात्र घोषित कर दिया जाएगा।

xiii. कंपनी के संबंध में अधिक जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट **www.ongcindia.com** देखें।

**झ. सभी उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले अनैतिक विज्ञापनों पर प्रतिक्रिया न दें । किसी विज्ञापन की प्रमाणिकता के लिए, उम्मीदवार ओएनजीसी की वेबसाइट **www.ongcindia.com** देख सकते हैं।

**पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन केवल www.ongcindia.com पर करें।**
**किसी भी प्रकार के संशय की स्थिति में अँग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**

**उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) - प्रभारी भर्ती**
**ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड**
**तेल भवन, देहरादून**